दिन–मंगलवार दिनांक– 14 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

एनडीए के घटक दलों के बीच सीट आवंटन को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। विवाद को देखते हुए जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित अपने आवास पर आपातकालीन बैठक बुलाई, जिसमें विवाद को सुलझाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, वरिष्ठ नेता ललन सिंह और विजय कुमार चौधरी को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर सीटों के बंटवारे को शीघ्र सुलझाने को कहा गया है। गौरतलब है कि सीटों की साझेदारी का मसला हल होने के बाद कौन सी पार्टी किस विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी इसे लेकर गतिरोध को दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि एनडीए के घटक दलों के बीच चिन्हित सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से यह विवाद सुलझा लिया जाएगा।

————————————————————

इस बीच, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने वैशाली के महनार से आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने सुपौल विधानसभा क्षेत्र से और मोकामा से जदयू के टिकट पर अनंत सिंह ने नामांकन पत्र भरा। इधर, जदयू ने सोनवर्षा सीट से रत्नेश सदा को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि यह सीट फॉर्मूलें के तहत लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गयी है। वहीं, राजगीर सीट को लेकर भी जदयू और लोजपा, आर के बीच विवाद की स्थिति बनी हुयी है। यह सीट जदयू की सीटिंग सीट है और इस बार लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में गयी है।

————————————————————

इधर, महागठबंधन में भी अभी तक सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध की स्थिति बनी हुयी है। आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए आज नई दिल्ली में कांग्रेस कार्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। बैठक में सीटों के बंटवारे पर

अंतिम रूप से चर्चा होने की संभावना है। साथ ही गतिरोध समाप्त करने के लिए कांग्रेस और राजद नेताओं की भी आज बातचीत होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी प्रत्याशियों को सिंबल बांटना शुरू कर दिया है। उन्होंने मटिहानी से बोगो सिंह, मनेर से भाई वीरेन्द्र, संदेश से दीपू सिंह और परवत्ता से डॉ. संजीव कुमार समेत आठ प्रत्याशियों को सिंबल प्रदान कर दिया है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने भी छिहत्तर सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। वाम दलों ने भी अपने उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिये हैं। भाकपा माले ने घोसी से रामबली सिंह यादव, पालीगंज से संदीप सौरभ, डुमरांव से डॉ. अजीत कुमार कुशवाहा और अरवल से महानंद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। पटना के दीघा से पार्टी ने युवा नेत्री दिव्या गौतम को सिंबल दिया है। सीपीएम ने मांझी से सत्येन्द्र यादव और विभूतिपुर से अजय कुमार को उम्मीदवार बनाया है।

————————————————————

गोपालपुर से जदयू विधायक गोपाल मंडल अपने समर्थकों के साथ सीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गये हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनका टिकट काटने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे सीएम हाउस से टिकट लेने के बाद ही हटेंगे। इस बीच, सीएम हाउस की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।

————————————————————

एनडीए में सीटों के बंटवारे से नाराज भागलपुर के सांसद अजय मंडल ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने संबंधी पत्र जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेजा है। पत्र में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में उनकी उपेक्षा की गयी, जिससे वे आहत हैं।

————————————————————

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में होने वाले उपचुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित किसी भी इंटरनेट–आधारित वेबसाइट पर राजनीतिक विज्ञापन जारी नहीं करने का आग्रह किया है। आयोग ने कहा है कि कोई भी विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्रमाणपत्र लिया जाना चाहिए।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।